**JAC**

प्रश्न पुस्तिका क्रम संख्या ........

# प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका

वीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर

**2025 (ANNUAL)**

केन्द्राधीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर

## हिन्दी - (ए)

## HINDI - (A)

1. पंजीयन सं. (Reg.No.) ........................
2. पंजीयन वर्ष (Reg. Year) ........................
3. रौल कोड (Roll Code.) ........................
4. रौल नं० (Roll No.) ........................
5. लिपि (Script) ........................
6. तिथि (Date) ........................
7. दिव्यांग (Divyang) Yes ☐ No ☐

| खण्ड–A | | | | | | खण्ड–B | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | प्राप्तांक | | प्रश्न संख्या | प्राप्तांक | | प्रश्न संख्या | दहाई | इकाई |
| | दहाई | इकाई | | दहाई | इकाई | | | |
| 1 | | | 16 | | | 31 | | |
| 2 | | | 17 | | | 32 | | |
| 3 | | | 18 | | | 33 | | |
| 4 | | | 19 | | | 34 | | |
| 5 | | | 20 | | | 35 | | |
| 6 | | | 21 | | | 36 | | |
| 7 | | | 22 | | | 37 | | |
| 8 | | | 23 | | | 38 | | |
| 9 | | | 24 | | | × | × | × |
| 10 | | | 25 | | | × | × | × |
| 11 | | | 26 | | | × | × | × |
| 12 | | | 27 | | | × | × | × |
| 13 | | | 28 | | | × | × | × |
| 14 | | | 29 | | | × | × | × |
| 15 | | | 30 | | | × | × | × |
| योग (क) | | | योग (ख) | | | कुल | | |

खण्ड–A कुल प्राप्तांक = योग (क) + योग(ख) = ☐☐ खण्ड–B कुल प्राप्तांक ☐☐

| खण्ड–C | | | खण्ड–D | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | प्राप्तांक | | प्रश्न संख्या | प्राप्तांक | |
| | दहाई | इकाई | | दहाई | इकाई |
| 39 | | | 47 | | |
| 40 | | | 48 | | |
| 41 | | | 49 | | |
| 42 | | | 50 | | |
| 43 | | | 51 | | |
| 44 | | | 52 | | |
| 45 | | | × | × | × |
| 46 | | | × | × | × |
| कुल | | | कुल | | |

खण्ड–C कुल प्राप्तांक ☐☐ खण्ड–D कुल प्राप्तांक ☐☐

प्राप्तांक :

खण्ड-A → ☐☐
खण्ड-B → ☐☐
खण्ड-C → ☐☐
खण्ड-D → ☐☐

कुल प्राप्तांक = ☐☐

अंकों में ........................
शब्दों में ........................
........................

प्रधान परीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर
**(Full Signature & Seal of Head Examiner)**
कोड नं० ....................................

परीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर
**(Full Signature & Seal of Examiner)**
कोड नं० ....................................

**X/25/2431**

## खण्ड – A

( प्रश्न संख्या 1 से 30 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक का है। )

## Section – A

( Question Nos. 1 to 30 are Multiple Choice Questions and carry 1 mark each.)

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है कि उसके माध्यम से हम युग विशेष की समस्याओं, परिस्थितियों तथा भावनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति है । साहित्य में ही जातीय भावों का प्रतिबिंब देख सकते हैं । प्रत्येक जाति के साहित्य का एक व्यक्तित्व होता है । केवल इतना ही नहीं, वरन् एक जाति के ही साहित्य में उसके विकास के अनुरूप समय-समय पर अंतर पड़ता रहता है । हिन्दी साहित्य का इतिहास इस तथ्य की पुष्टि करता है । वीरगाथा काल, भक्ति काल, रीति काल तथा आधुनिक काल के साहित्य में स्पष्ट रूप से अंतर देखा जा सकता है ।

प्रश्न 1. साहित्य को समाज का क्या कहा जाता है ?

(A) दर्पण  (B) तर्पण

(C) समर्पण  (D) आकर्षण

उत्तर

प्रश्न 2. जीवन की अभिव्यक्ति क्या है ?

(A) हिन्दी  (B) साहित्य

(C) सौंदर्य  (D) भाषा

उत्तर

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 3. साहित्य में हम किन भावों का प्रतिबिंब देख सकते हैं ?<br>(A) सामाजिक (B) पारिवारिक<br>(C) जातीय (D) सांसारिक |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 4. साहित्य के किस काल में अंतर देखा जा सकता है ?<br>(A) वीरगाथा काल (B) भक्ति काल<br>(C) आधुनिक काल (D) इनमें से सभी |
| उत्तर | |

**निर्देश :** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **5** से **8** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

विघ्नों का दल चढ़ आए तो, उन्हें देख भयभीत न होंगे
अब न रहेंगे दलित दीन हम, कहीं किसी से हीन न होंगे
क्षुद्र स्वार्थ की खातिर हम तो कहीं न गर्हित कर्म करेंगे ।
पुष्प भूमि यह भारत माता, जग की हम तो भीख न लेंगे
मिसरी-मधु-मेवाफल सारे देती हमको सदा यही है
कदली, चावल, अन्य विविध और क्षीर सुधामय लुटा रही है ।

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 5. किसके आने पर भयभीत न होंगे ?<br>(A) सिंह के आने पर (B) तूफान के आने पर<br>(C) विघ्नों का दल चढ़ आने पर (D) रात आने पर |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 6. भारतवासी किसकी खातिर गर्हित कर्म ( निंदनीय कार्य ) नहीं करेंगे ?<br>(A) क्षुद्र स्वार्थ (B) भय<br>(C) दीनता (D) भीख |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 7. कवि क्या आशा करता है ?<br>(A) भारत बहुत तरक्की करेगा ।<br>(B) भारतीय किसी से पद-दलित और हीन न होंगे<br>(C) भारत में आपसी झगड़े न होंगे<br>(D) भारत में सुख और शांति होगी |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 8. भारत माता हमें क्या देती है ?<br>(A) घर (B) स्वर्ग<br>(C) जीवन (D) खाने की विविध वस्तुएँ |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 9. 'माँ भोजन बना रही है ।' निम्न में से कौन-सा क्रिया भेद है ?<br>(A) सकर्मक (B) अकर्मक<br>(C) द्विकर्मक (D) प्रेरणार्थक |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 10. कौन-सा वाक्य अकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?<br>(A) बच्चा सो रहा है । (B) विक्रम उपन्यास पढ़ता है ।<br>(C) वह पानी पी रहा है । (D) रीता पत्र लिखती है । |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 11. मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और शेष कौन-सा उपवाक्य होता है ?<br>(A) आश्रित उपवाक्य (B) सरल उपवाक्य<br>(C) संयुक्त उपवाक्य (D) मिश्र उपवाक्य |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 12. 'यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य फल पाओगे ।' यह कौन-सा वाक्य है ?<br>(A) सरल (B) संयुक्त<br>(C) मिश्र (D) उपवाक्य |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 13. हमें अपनी सभ्यता ............. संस्कृति पर गर्व है । ( सही अव्यय पद को चुनें । )<br>(A) ताकि (B) और<br>(C) बिना (D) अच्छा ! |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 14 'आम' का एक अर्थ होता 'एक फल' और दूसरा<br>(A) आसान (B) सामान्य<br>(C) समस्त (D) आत्मा |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 15. निम्न में से भाव वाच्य का उदाहरण कौन है ?<br>(A) घोड़ा दौड़ता है ।<br>(B) किसान हल चलाता है ।<br>(C) माँ से चला नहीं जाता है ।<br>(D) प्रेमचंद द्वारा कहानी लिखी गई । |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 16. 'माता-पिता' - कौन-सा समास है ?<br>(A) अव्ययीभाव (B) द्वंद्व<br>(C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय |
| उत्तर | |

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **17** एवं **18** के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

मैं काली हूँ । बचपन से दुबली और मरियल भी थी । गोरा रंग पिताजी की कमजोरी थी सो बचपन से मुझसे दो साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन सुशीला से ही हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही, क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन भाव की ग्रंथि पैदा नहीं कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई ?

प्रश्न 17. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(A) नेताजी का चश्मा (B) एक कहानी यह भी

(C) बालगोबिन भगत (D) लखनवी अंदाज

उत्तर

प्रश्न 18. बड़ी बहन से तुलना किए जाने पर लेखिका के मन में कैसी भावना उत्पन्न हो गई ?

(A) प्रेम (B) क्रोध

(C) ईर्ष्या (D) हीन

उत्तर

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **19** एवं **20** के लिए सही विकल्प का चयन करें :

बादल गरजो !
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के से पाले,
विद्युत छवि उर में, नवजीवन वाले !

प्रश्न 19. प्रस्तुत काव्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(A) फसल
(B) उत्साह
(C) पद
(D) यह दंतुरित मुसकान

उत्तर

प्रश्न 20. कविता में बादल किसका प्रतीक है ?

(A) वर्षा का
(B) शीतलता का
(C) फसल का
(D) पौरुष और क्रांति का

उत्तर

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें :

प्रश्न 21. बालक अमीरुद्दीन रियाज के लिए किस मंदिर में जाया करते थे ?

(A) संकटमोचन मंदिर (B) विश्वनाथ मंदिर

(C) बालाजी मंदिर (D) महादेव मंदिर

उत्तर

प्रश्न 22. बूढ़ा, मरियल-सा आदमी कौन था ?

(A) हालदार साहब (B) कैप्टन चश्मेवाला

(C) पानवाला (D) ड्राइंग मास्टर

उत्तर

प्रश्न 23. बालगोबिन भगत लगभग कितने वर्ष के थे ?

(A) 40 वर्ष (B) 50 वर्ष

(C) 60 वर्ष (D) 70 वर्ष

उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न | 24. | कहानी लेखन के लिए क्या आवश्यक है ? | | |
| | | (A) विचार | | (B) पात्र |
| | | (C) घटना | | (D) इनमें से सभी |
| उत्तर | | | | |
| प्रश्न | 25. | श्रीराम ने किसके धनुष को तोड़ा था ? | | |
| | | (A) परशुराम के | | (B) शिवजी के |
| | | (C) ब्रह्मा के | | (D) विष्णु के |
| उत्तर | | | | |
| प्रश्न | 26. | गोपियों ने 'करुई ककरी' के समान किसे बताया है ? | | |
| | | (A) प्रेम संदेश को | | (B) योग संदेश को |
| | | (C) उद्धव को | | (D) कृष्ण को |
| उत्तर | | | | |
| प्रश्न | 27. | कवि के अनुसार छाया को छूने से क्या होता है ? | | |
| | | (A) सुख की प्राप्ति | | (B) दुःख की प्राप्ति |
| | | (C) धन की प्राप्ति | | (D) भोजन की प्राप्ति |
| उत्तर | | | | |

| प्रश्न | 28. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कवि को कौन एकटक निहार रहा है ? <br> (A) माँ (B) पत्नी <br> (C) शिशु (D) पिता |
|---|---|
| उत्तर | |
| प्रश्न | 29. रानी एलिजाबेथ द्वितीय कहाँ की रानी थी ? <br> (A) हिन्दुस्तान की (B) पाकिस्तान की <br> (C) नेपाल की (D) इंग्लैण्ड की |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 30. भोलानाथ का वास्तविक नाम क्या था ? <br> (A) अमरनाथ (B) शिवनाथ <br> (C) तारकेश्वरनाथ (D) केदारनाथ |
| उत्तर | |

## खण्ड – B

( प्रश्न संख्या 31 से 38 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 2 अंकों का है। इनमें से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए )

## Section – B

( Question Nos. 31 to 38 are Very Short Answer Type Questions and carry 2 marks each. Answer any *six* of these questions )

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें :

जगत और प्रकृति के साथ हमारा जीवंत संबंध है, हम चेतन हैं और प्रकृति नितांत जड़, ऐसी भ्रान्ति हमें नहीं पालनी चाहिए । प्रकृति अत्यंत अंतरंग भाव से मनुष्य के जीवन, उसकी चिन्ताओं व कार्यों से जुड़ी हुई है । मनुष्य जो भी पाता है, अपने पर्यावरण से ही प्राप्त करता है, लेकिन अब हम धरती की संतानें न रहकर लुटेरे बन गए हैं । ई० एफ० शूमाकर ने 'स्मॉल इज ब्यूटीफुल' पुस्तक में यह स्थापना की है कि धरती की कोख से उत्खनन के जरिये हम अपने लिए किस प्रकार संसाधन प्राप्त कर उसकी खपत करते जा रहे हैं । यह ऐसा ही है जैसे कोई अपनी पूँजी ही बेचकर खाता जाए । जो कुछ भी है सब खा-पीकर एक खोखली और उजाड़ पृथ्वी हम आनेवाली नस्लों के लिए छोड़े जा रहे हैं । यदि हमने अपनी जीवन-शैली और ऐश्वर्य-भोग की लालसा नहीं छोड़ी, तो यह पृथ्वी भी जीवन के चिह्नों से रिक्त हो जाएगी । यह विचित्र विडम्बना है कि आज के वैज्ञानिक युग का ज्ञान-सम्पन्न मनुष्य जिस डाल पर बैठा है, उसे ही काट रहा है । सुख-भोग में वह ऐसा अंधा हो चला है कि सामने खड़े भविष्य को देखकर भी जैसे नहीं देखता और अपने संपूर्ण विनाश की तैयारी करता जाता है ।

| प्रश्न | 31. जगत और पृथ्वी के साथ हमारा कैसा संबंध है ? | 2 |
|---|---|---|
| उत्तर | | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 32. प्रकृति के अंतरंग भाव का क्या तात्पर्य है ? 2 |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 33. ई० एफ० शूमाकर की पुस्तक का क्या नाम है ? 2 |
| उत्तर | |

| प्रश्न | 34. हम आनेवाली नस्लों के लिए कैसी पृथ्वी छोड़ रहे हैं ? | 2 |
|---|---|---|
| उत्तर | | |

| प्रश्न | 35. पृथ्वी जीवन के चिह्नों से कैसे रिक्त हो जाएगी ? | 2 |
|---|---|---|
| उत्तर | | |

| प्रश्न | 36. सुख-भोग की लालसा में मनुष्य का व्यवहार कैसे हो चला है ? | 2 |
|---|---|---|
| उत्तर | | |
| प्रश्न | 37. इस गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । | 2 |
| उत्तर | | |
| प्रश्न | 38. 'प्रकृति' शब्द का विशेषण क्या होगा ? | 2 |
| उत्तर | प्राकृतिक | |

## खण्ड – C

( प्रश्न संख्या 39 से 46 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 3 अंकों का है। इनमें से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दीजिए )

## Section – C

( Question Nos. 39 to 46 are Short Answer Type Questions and carry 3 marks each. Answer any *six* of these questions in at most 150 words )

| प्रश्न | 39. बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है । यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं ? 3 |
|---|---|
| उत्तर | |

प्रश्न 40. काशी में हो रहे कौन-से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे ? 3

उत्तर

| प्रश्न | 41. इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ? 3 |
|---|---|
| उत्तर | |

प्रश्न 42. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताईं ? 3

उत्तर

| प्रश्न | 43. बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है ? | 3 |
|---|---|---|
| उत्तर | | |

प्रश्न 44. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ? 3

उत्तर

| प्रश्न | 45. कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ? |
|---|---|
| उत्तर | |

| प्रश्न | 46. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ? 3 |
|---|---|
| उत्तर | |

## खण्ड – D

( प्रश्न संख्या 47 से 52 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 5 अंकों का है। इनमें से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दीजिए )

## Section – D

( Question Nos. 47 to 52 are Long Answer Type Questions and carry 5 marks each. Answer any *four* of these questions in at most 250 words )

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 47. बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के लिए अचरज का कारण क्यों थी ? | 5 |
| उत्तर | | |

| प्रश्न | 48 कवि ने बच्चे की मुसकान के सौंदर्य को किन-किन बिंबों के माध्यम से व्यक्त किया है? 5 |
|---|---|
| उत्तर | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न | 49. | प्रस्तुत पाठ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बच्चे का अपने पिता से अधिक जुड़ाव था, फिर भी विपदा के समय वह पिता के पास न जाकर माँ की शरण लेता है। आपकी समझ से इसकी क्या वजह हो सकती है ? 5 |
| उत्तर | | |

| प्रश्न | 50. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें । 5<br><br>(क) वन-संरक्षण<br>( विचार बिन्दु - भूमिका, वृक्ष प्रकृति का सुंदर उपहार, वृक्षारोपण का महत्व, अमूल्य औषधियों का भंडार, उपसंहार )<br><br>(ख) मेरा राज्य : झारखण्ड<br>( विचार बिन्दु - प्राकृतिक सौंदर्य, खनिज संपदा, उत्सव-त्योहार, महान परंपराएँ तथा महापुरुष, उपसंहार ) |
|---|---|
| उत्तर | |

प्रश्न 51. परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को पत्र लिखकर बधाई दीजिए । 5

**अथवा**

कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं । उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखें ।

उत्तर

| प्रश्न | 52. शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5<br><br>**अथवा**<br><br>'सौम्या शैम्पू' की बिक्री बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । |
|---|---|
| उत्तर | |